एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| बरेली |

श्री विक्रम संवत 2082 मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025, वर्ष 6,

PAGE NO : 06 MIDDLE

# एसआरएमएस और क्रिकेट नर्सरी सेमीफाइनल में पहुंचे

## जिला स्तरीय प्रतियोगिता में आरबीएमआई और बरेली चैंप्स को मिली हार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** स्पोर्ट्स स्टेडियम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को दो मैच खेले गए, जिसमें एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी और क्रिकेट नर्सरी ने सेमीफाइनल में जगह बनाई।

पहले मैच में एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने आरबीएमआई अकादमी को छह विकेट से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरबीएमआई टीम निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर केवल 83 रन ही बना सकी। आयुष कुमार ने शानदार 60 रनों की पारी खेली लेकिन अन्य बल्लेबाज टिक कर नहीं खेल सके। एसआरएमएस के लिए जागवान और नरेंद्र ने 2-2, फरहान, अंशुमन, हर्षित और रिजवान ने 1-1 विकेट लिए। एसआरएमएस ने 12.6 ओवर में तीन विकेट खोकर जीत दर्ज की। अभिमन्यु ज्वाला ने सर्वाधिक 34 और अंकित यादव ने 19 रन बनाए। अभिमन्यु ज्वाला को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे मैच में क्रिकेट नर्सरी ने बरेली चैंप्स को पांच विकेट से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बरेली चैंप्स की पूरी टीम 16.1 ओवर में 85 रनों पर सिमट गई। प्रकाश पटेल ने 25 और ईशु ने 16 रन बनाए। क्रिकेट नर्सरी की ओर से कश्यप और सुधाकर, आकाश ने 2-2 विकेट झटके। क्रिकेट नर्सरी ने 16.4 ओवर में पांच विकेट खोकर जीत हासिल की। सुबोध गंगवार और शाहिद ने 18-18 रनों का योगदान दिया। बरेली चैंप्स के लिए विजय यादव ने 3 विकेट लिए। सुबोध गंगवार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। कोच नितेश भारद्वाज ने बताया कि मंगलवार को पहला सेमीफाइनल सुबह 8 बजे से और दूसरा दोपहर 12 बजे से खेला जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा, समाजसेवी राकेश पटेल, एसआरएमएस अकादमी के कोच अनुज शर्मा, ओपी कोहली, चंचल उपाध्याय, राजीव सैनी, मो. यूसुफ, अबरार खान, अब्दुल जीशान, सोनेंद्र श्रोत्रिया, हरिशंकर, आशु भारती आदि मौजूद रहे।